# मुख्यमंत्री ने 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना' का किया शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

- 3 अक्तूबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना' का अपने निवास कार्यालय से ऑनलाइन शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी।
- मुख्यमंत्री बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन करियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रॉशर का विमोचन किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण सहित दूरस्थ अंचल तक बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये 753 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी एवं हिन्दी माध्यम के स्कूल संचालित हो रहे हैं। राज्य में आज शुरू की गई स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी निर्णय और एक अहम कदम साबित होगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत कोचिंग के साथ-साथ शिक्षकों की समुचित व्यवस्था की गई है। एक कोचिंग सेंटर में भौतिकि, रसायन, जीव विज्ञान एवं गणित विषय के लिये अलग-अलग नोडल शिक्षक चिह्नांकित कर लिये गए हैं।
- कोचिंग सेंटरों में अध्यापन कार्य का नियमित अवलोकन किया जाएगा और पालकों का फीडबैक भी लिया जाएगा ऑनलाइन कक्षाओं में टू-वे संवाद रहेगा, अर्थात् विद्यार्थी विषय शिक्षकों से प्रश्न पूछ सकेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों का लगातार आकलन किया जाएगा।
- प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में बताया कि प्रदेश के 146 विकासखंड और चार शहरों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर को इंटरनेट कनेक्शन और कंप्यूटर से जोड़ दिया गया है।
- यहाँ कक्षा 12वीं में गणित एवं जीव विज्ञान संकाय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। यह निःशुल्क कोचिंग हिन्दी और अंग्रेज़ी माध्यम के छात्रों के लिये दी जाएगी।
- इस योजना के तहत अब तक 9 हज़ार 13 बच्चों का पंजीयन हो चुका है। इनमें नीट के लिये 6 हज़ार 553 और जेईई की कोचिंग के लिये 2 हज़ार 460 ने पंजीयन कराया है।


ALLEN
CAREER INSTITUTE
KOTA (RAJASTHAN)
स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना
शुभारंभ
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
श्री रविन्द्र चौबे
मंत्री, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा
छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग
एवं
एलेन कैरियर इंस्टीट्यूट प्रा. लि. का समन्वित प्रयास


श्री रविन्द्र चौबे जी
स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास,
संसदीय कार्य, पशुधन विकास,
मछलीपालन, जल संसाधन,
आयाकट, सहकारिता मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन






PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-launches-swami-atmanand-coaching-scheme